झारखण्ड सरकार
पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग
फोन–0651–2400493, फैक्स–0651–2400492, ई–मेल–dirjharkhandtourism@gmail.com

"Life Saving Techniques-Water Sports (LST-WS), Power Boat handling-Tiller (PBH-T) & Personal Watercraft (Jet-ski) Training"

निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु विज्ञापन

ज्ञापांक सं०:– **92**/ राँची, दिनांक :– **29.01.2024**

पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा राष्ट्रीय जलक्रीड़ा संस्थान, गोवा के सहयोग से झारखण्ड राज्य के जलाशयों/जलप्रपातों के निकट रहने वाले स्थानीय नाविक, पर्यटन मित्र एवं प्रशिक्षण के लिए अन्य इच्छुक अभ्यर्थी जिनकी आयु दिनांक–**15.02.2024** को न्यूनतम **18** वर्ष एवं अधिकतम **50** वर्ष के मध्य हो, प्रशिक्षण हेतु खेलगाँव, राँची/कांके जलाशय, राँची/पतरातू जलाशय, रामगढ़ में **"Life Saving Techniques-Water Sports (LST-WS), Power Boat handling-Tiller (PBH-T) & Personal Watercraft (Jet-ski) Training"** कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, नये प्रशिक्षुओं के लिए लगभग 02 (दो) सप्ताह का होगा। पूर्व में **Life Saving Techniques** ट्रेनिंग में प्राप्त लाइसेंस प्रशिक्षुओं के लिए **License Revalidation/Renewal** कार्यक्रम लगभग 01 (एक) सप्ताह का होगा। प्रशिक्षण की शुरूआत माह–मार्च, 2024 के प्रथम सप्ताह में संभावित है। प्रशिक्षण का कार्यक्रम एवं कोर्स की विवरणी निम्नवत है :–

Schedule

SL. No.	Month	Course
1	March, 2024	Lifesaving Techniques – Watersports Operator (New & Renewal)
2		Powerboat Handling – Tiller (New & Renewal)
3		Personal Watercraft (Jet-ski) (New & Renewal)

- इच्छुक अभ्यर्थी विहित प्रपत्र में आवेदन पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, राँची को उपलब्ध करायेंगे।
- यह पूर्णतः निःशुल्क प्रशिक्षण है, उक्त प्रशिक्षण के समाप्ति पर सफल उम्मीदवारों को License दिया जाएगा, जिसकी वैधता दो (02) वर्षों की होगी।
- प्रशिक्षण के लिए योग्य उम्मीदवारों को विहित प्रपत्र में आवेदन देना होगा। पशिक्षण के लिए उम्मीदवारों का चयन प्राथमिकता के आधार पर ''पहले आये पहले पाये'' (First Come First Serve) के आधार पर किया जाएगा।
- साधारण डाक/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/अथवा व्यक्तिगत रूप से हाथो–हाथ आवेदन समर्पित करने अथवा Google form के माध्यम से आनलाईन आवेदन जमा करने (जिसका लिंक विभागीय वेब साईट (https://tourism.jharkhand.gov.in) से प्राप्त कर सकते है) की अंतिम तिथि **23.02.2024** है।
- उम्मीदवार आवेदन प्रपत्र **(Application Form)** एंव अन्य सम्बंधित जानकारियां विभागीय वेब साईट **(https://tourism.jharkhand.gov.in)** से डाउनलोड कर सकते हैं।
- उम्मीदवार के चयन में निम्न शर्त्तो का अनुपालन किया जायेगा :–
  - (i) उम्मीदवार के लिये पूर्ण तैराकी अनिवार्य है, 3 मिनट में 100 मोटर को तैराकी आवश्यक पात्रता–शर्त्त है। इसके बिना उम्मीदवार का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा।
  - (ii) उम्मीदवार की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास होना चाहिए तथा उसकी आयु 18 से 50 वर्ष के बीच होनी चाहिए।
  - (iii) उम्मीदवारों के चयन में वरीय व्यक्तियों को प्राथमिकता दी जायेगी, जिससे वे भविष्य में अधिकतम आयु के प्रतिबंध से प्रभावित न हो।

ह०/–
अवर सचिव,
पर्यटन निदेशालय, राँची।

<u>निःशुल्क प्रशिक्षण हेतु आवेदन प्रपत्र</u>

"Life Saving Techniques-Water Sports (LST-WS), Power Boat handling-Tiller (PBH-T) & Personal Watercraft (Jet-ski) Training"

(निम्न में से किसी एक विकल्प के सामने (✓) का चिन्ह लगाकर चुने)

1. Life Saving Techniques-Watersports (LST-WS)		**2. Power Boat Handling-Tiller (PBH-T) & Personal Watercraft (Jet-ski)**	
3. Power Boat Handling-Tiller (PBH-T)		**4. Personal Watercraft (Jet-ski)**	

स्व अभिप्रमाणित

1. अभ्यार्थी का नाम : ....

2. पिता/पति का नाम : ....

3. स्थायी पता : ....

4. वर्तमान पता : ....

5. लिंग (पुरूष/महिला) :..

6. मोबाईल नं० : ....

7. निकटतम जलाशय/जलप्रपात का नाम : ....

8. शैक्षणिक योग्यता (प्रमाण–पत्र–छाया प्रति के साथ) : ....

9. जन्म तिथि/उम्र (प्रमाण–पत्र–छाया प्रति के साथ) : ....

10. आरक्षण कोटि (प्रमाण–पत्र–छाया प्रति के साथ) : ....

11. पूर्व में **Life Saving Techniques** ट्रेनिंग में प्राप्त लाइसेंस (यदि हो) (प्रमाण–पत्र–छाया प्रति के साथ) : ....

12. आधार संख्या (प्रमाण–पत्र–छाया प्रति के साथ) : ....

13. 05 नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो संलग्न करें :

<u>घोषणा पत्र</u>

मैं सत्य एवं निष्ठा के साथ घोषित करता/करती हूँ कि उपर्युक्त सूचनाएँ मेरी जानकारी में सही है। भविष्य में यदि कोई सूचना गलत पायी जाती है या प्रशिक्षण के दौरान, बिना किसी वैद्य कारण दिए प्रशिक्षण पूर्ण नहीं करता/करती हूँ तो इसके लिए मैं उत्तरदायी/दण्ड का भागी बनूँगा/बनूँगी।

स्थान : ....

तिथि : ....

आवेदक का हस्ताक्षर

नोट : अपना आवदन विहित प्रपत्र में भरकर तथा संबंधित लिफाफे के ऊपर "**1.** Life Saving Techniques-Water Sports (LST-WS), Power Boat handling-Tiller (PBH-T) & Personal Watercraft (Jet-ski) Training" अंकित कर पर्यटन निदेशालय, झारखण्ड, राँची को साधारण डाक/निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट/Google form के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन द्वारा भेजे जाए अथवा व्यक्तिगत रूप से हाथो–हाथ उपलब्ध कराया जाए।